


एनटीपीसी लिमिटेड, 62,110 मेगावाट की स्थापित क्षमता वाला भारत का सबसे बड़ा बिजली समूह है।

एनटीपीसी ने देश की विकास चुनौतियों के अनुरूप, 2032 तक 130 गीगावाट की कुल स्थापित क्षमता प्राप्त करने की महत्वाकांक्षी योजना पर जोर दिया है।

एनटीपीसी को 10 कोयला खदान ब्लॉक आवंटित किए गए हैं, जिनसे प्रति वर्ष 100 मिलियन टन से अधिक उत्पादन होने की उम्मीद है।

अपनी महत्वाकांक्षी प्रगति योजना को गतिमान बनाने के लिए, एनटीपीसी को खनन के क्षेत्र में अनुभवी वरिष्ठ पेशेवरों की 03 वर्ष की नियत अवधि के आधार पर आवश्यकता है।

## क. उत्खनन प्रमुख (1 पद)

**योग्यता:** मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से मैकेनिकल/माइनिंग मशीनरी में इंजीनियरिंग की डिग्री

**अनुभव प्रोफाइल:** 5 एमटीवाई या अधिक की लार्ज ओपन कास्ट कोयला खदानों में एचईएमएम को संभालने का अनुभव हो

**अनुभव अपेक्षा:** योग्यता के पश्चात संबंधित क्षेत्र में 18 वर्ष का एक्जीक्यूटिव अनुभव

**अधिकतम आयु सीमा:** 52 वर्ष

## ख. एक्जीक्यूटिव (उत्खनन) (1 पद)

**योग्यता:** मान्यताप्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से मैकेनिकल/माइनिंग मशीनरी में इंजीनियरिंग की डिग्री

**अनुभव प्रोफाइल:** 5 एमटीवाई या अधिक की लार्ज ओपन कास्ट कोयला खदानों में एचईएमएम को संभालने का अनुभव हो

**अनुभव अपेक्षा:** योग्यता के पश्चात संबंधित क्षेत्र में 10 वर्ष का एक्जीक्यूटिव अनुभव

**अधिकतम आयु सीमा:** 47 वर्ष

## ग. एक्जीक्यूटिव (खदान योजना–आरक्यूपी) (2 पद)

**योग्यता:** कोयला मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त योग्य व्यक्ति (आरक्यूपी) प्रमाणन सहित माइनिंग में इंजीनियरिंग डिग्री या जियोलॉजी/एप्लाइड जियोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री

**अनुभव प्रोफाइल:** न्यूनतम 5 मिलियन टन प्रति वर्ष की लार्ज ओपन कास्ट/अंडरग्राउंड खदानों के कोयला खनन के लिए खनन योजना तैयार करने का अनुभव हो, आरक्यूपी के रूप में कोयला मंत्रालय से कम से कम एक कोयला खनन योजना का अनुमोदन कराने का अनुभव हो

**अनुभव अपेक्षा:** योग्यता के पश्चात संबंधित क्षेत्र में 14 वर्ष का एक्जीक्यूटिव अनुभव

**अधिकतम आयु सीमा:** 47 वर्ष

## घ. खदान सर्वेक्षक प्रमुख (1 पद)

**योग्यता:** सिविल/माइनिंग/माइन्स सर्वे में डिप्लोमा। सीएमआर 2017/सीएमआर 1957 के तहत कोयले के लिए डीजीएमएस के वैध माइन सर्वेयर सक्षमता प्रमाणपत्र धारक हो। कंप्यूटर, ऑटोकैड, एलडीडीटी (लैंड डेवलपमेंट डेस्कटॉप), 3डी मॉडलिंग, माइन सॉफ्टवेयर आदि का ज्ञान वांछनीय है।

**अनुभव प्रोफाइल:** खदान सर्वेक्षण के क्षेत्र में अनुभव हो, सही सर्वेक्षण और लेवलिंग के लिए टोटल स्टेशन इंस्ट्रूमेंट, ईडीएस, डिजिटल थियोडोलाइट, ऑटो सेट लेवल, डम्पी लेवल इत्यादि आधुनिक उपकरणों से पूर्ण परिचित हो। माइन प्लान्स, सेक्शन्स, ट्रेसिंग और सीएमआर 1957/2017 के तहत सांविधिक अपेक्षाओं को तैयार करने और रखरखाव करने और सीएमआर 1957/2017 के तहत अपेक्षित सांविधिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का कार्यकारी अनुभव हो। लार्ज मैकेनाइज्ड ओपन कास्ट कोल माइन में अनुभव वांछनीय है।

**अनुभव अपेक्षा:** योग्यता के पश्चात संबंधित क्षेत्र में 20 वर्ष का (सांविधिक) अनुभव, जिसमें से 14 वर्ष का अनुभव एक्जीक्यूटिव कैडर में रहा हो

**अधिकतम आयु सीमा:** 47 वर्ष

## ङ. सहायक खदान सर्वेक्षक/खदान सर्वेक्षक (18 पद)

**योग्यता:** सिविल/माइनिंग/माइन्स सर्वे में डिप्लोमा। सीएमआर 2017/सीएमआर 1957 के तहत कोयले के लिए डीजीएमएस के वैध माइन सर्वेयर सक्षमता प्रमाणपत्र धारक हो। कंप्यूटर, ऑटोकैड, एलडीडीटी (लैंड डेवलपमेंट डेस्कटॉप), 3डी मॉडलिंग, माइन सॉफ्टवेयर आदि का ज्ञान वांछनीय है।

**अनुभव प्रोफाइल:** खदान सर्वेक्षण के क्षेत्र में अनुभव हो, सही सर्वेक्षण और लेवलिंग के लिए टोटल स्टेशन इंस्ट्रूमेंट, ईडीएस, डिजिटल थियोडोलाइट, ऑटो सेट लेवल, डम्पी लेवल इत्यादि आधुनिक उपकरणों से पूर्ण परिचित हो। माइन प्लान्स, सेक्शन्स, ट्रेसिंग और सीएमआर 1957/2017 के तहत सांविधिक अपेक्षाओं को तैयार करने और रखरखाव करने और सीएमआर 1957/2017 के तहत अपेक्षित सांविधिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का कार्यकारी अनुभव हो। लार्ज मैकेनाइज्ड ओपन कास्ट कोल माइन में अनुभव वांछनीय है।

**अनुभव अपेक्षा:** सहा. खदान सर्वेक्षक के लिए: योग्यता के पश्चात संबंधित क्षेत्र में गैर एक्जीक्यूटिव/एक्जीक्यूटिव कैडर में 5 वर्ष का (सांविधिक) अनुभव

खदान सर्वेक्षक के लिए: योग्यता के पश्चात संबंधित क्षेत्र में गैर एक्जीक्यूटिव/एक्जीक्यूटिव कैडर में 10 वर्ष का (सांविधिक) अनुभव

**अधिकतम आयु सीमा:** सहा. खदान सर्वेक्षक के लिए 37 वर्ष और खदान सर्वेक्षक के लिए 42 वर्ष

**मासिक प्रतिपूर्ति:**

**उत्खनन प्रमुख:** समेकित नियत मासिक वेतन रु. 2,27,000/–

**एक्जीक्यूटिव (उत्खनन):** समेकित नियत मासिक वेतन रु. 1,70,000/–

**एक्जीक्यूटिव (खदान योजना–आरक्यूपी):** समेकित नियत मासिक वेतन रु. 1,89,000/–

**खदान सर्वेक्षक प्रमुख:** समेकित नियत मासिक वेतन रु. 1,89,000/–

**सहायक खदान सर्वेक्षक:** समेकित नियत मासिक वेतन रु. 57,000/–

**खदान सर्वेक्षक:** समेकित नियत मासिक वेतन रु. 76,000/–

इसके अलावा, चिकित्सा सुविधाएं और मकान किराया भत्ता/कंपनी आवास उपलब्ध कराया जाएगा। विभागीय दौरे पर, कंपनी विमान किराए के अलावा भोजन और ठहरने के व्यय की प्रतिपूर्ति करेगी।

**नियोजन की अवधि:** सभी पदों के लिए 3 वर्ष के नियतकालिक आधार पर

| पद का नाम | आरक्षण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | अना. | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | कुल |
| उत्खनन प्रमुख/एक्जीक्यूटिव (उत्खनन) | 02 | - | - | - | 02 |
| एक्जीक्यूटिव (खदान योजना–आरक्यूपी) | 02 | - | - | - | 02 |
| खदान सर्वेक्षक प्रमुख | 01 | - | - | - | 01 |
| सहायक खदान सर्वेक्षक/खदान सर्वेक्षक | 11 | 04 | 02 | 01 | 18 |

ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों के लिए रिक्तियां माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश के अंतिम परिणाम के अधीन सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार

## सामान्य शर्तें

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन करने के पात्र हैं।
2. सभी योग्यताएं भारत में मान्यताप्राप्त और अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए।
3. आयु/अनुभव अपेक्षा/योग्यता की सभी गणना विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख के संदर्भ में की जाएगी।
4. किसी विशेष श्रेणी का होने का दावा करने वाले अभ्यर्थियों के पास आवश्यक रूप से किसी सक्षम प्राधिकारी से अ.पि.व./अ.जा./अ.ज.जा./ईडब्ल्यूएस/विकलांगता प्रमाणपत्र हो। अधिकतम आयु सीमा में अ.जा./अ.ज.जा. के अभ्यर्थियों के लिए 5 वर्ष, अ.पि.व. अभ्यर्थियों के लिए 3 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए 10 वर्ष, 01.01.80 से 31.12.89 की अवधि के दौरान जम्मू और कश्मीर राज्य में सामान्य रूप से निवास करने वाले अभ्यर्थियों के लिए 5 वर्ष की छूट दी गई है। पूर्व सैनिक को सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार आयु में छूट। अ.जा./अ.ज.जा. अभ्यर्थियों के लिए, योग्यता के बाद के अनुभव के कुल वर्षों में, अनुभव की अपेक्षा 5 वर्ष होने पर 1 वर्ष की और अनुभव की अपेक्षा 5 वर्ष से अधिक होने पर 2 वर्ष की छूट दी जाएगी। अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (गैर–क्रीमी लेयर) के लिए चिन्हित रिक्तियों में उपरोक्त छूट दी जाएगी।
5. आवश्यकता के आधार पर, कंपनी के पास बिना किसी सूचना के और बिना कोई कारण बताए, आवश्यकता पड़ने पर, रिक्तियों की संख्या को निरस्त/प्रतिबंधित/घटाने/बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है।
6. पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह निर्दिष्ट तारीखों को पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता/करती है, और प्रस्तुत किए गए विवरण सभी प्रकार से सही हैं। यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पता लगता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता और/या कि उसने कोई गलत/असत्य जानकारी दी है या उसने किसी भी तथ्य (तथ्य) को छिपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः ही निरस्त हो जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी उपरोक्त में से कोई खामी (मियों) का पता चलता है तो बिना किसी सूचना के उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।
7. सिर्फ इस तथ्य से कि अभ्यर्थी ने विज्ञापन के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया है और प्रत्यक्ष रूप से विज्ञापन में निर्धारित मानदंडों को पूरा करता है तो उसे निश्चित रूप से साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने/चयन प्रक्रिया में आगे विचार किए जाने का अधिकार नहीं मिल जाता।
8. इस विज्ञापन और/या उसके प्रत्युत्तर में आवेदन से उत्पन्न किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई कार्यवाही केवल दिल्ली में की जाएगी और केवल दिल्ली में स्थित न्यायालयों/न्यायाधिकरणों/फोरमों को ही ऐसे मामलों/विवादों की जांच करने का एकमात्र और विशेष क्षेत्राधिकार होगा।
9. अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों में व्याख्या के कारण कोई अस्पष्टता/विवाद उत्पन्न होने पर, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

## आवेदन कैसे करें

इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करने के लिए हमारी वेबसाइट **www.ntpccareers.net** पर लॉग ऑन करें। आवेदन का कोई अन्य साधन/माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों के पास एक वैध ईमेल आईडी होनी चाहिए। अभ्यर्थियों को भेजे गए किसी भी ईमेल के बाउंस होने के लिए एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।

सामान्य/ईडब्ल्यूएस/अ.पि.व. श्रेणी के अभ्यर्थी को 300/– रुपये के अ–प्रतिदेय पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है। अ.जा./अ.ज.जा./पूर्व सैनिक श्रेणी के अभ्यर्थियों को पंजीकरण शुल्क का भुगतान करना आवश्यक नहीं है।

**ऑफलाइन मोड में भुगतान:** एनटीपीसी की ओर से, भारतीय स्टेट बैंक को सीएजी शाखा, नई दिल्ली (कोड: 09996) में एक विशेष रूप से खोले गए खाते (**खाता नंबर 30987919993**) में पंजीकरण शुल्क प्राप्त करने के लिए अधिकृत किया गया है। अभ्यर्थी को आवेदन पंजीकरण पोर्टल पर उपलब्ध "पे–इन–स्लिप" के एक प्रिंटआउट के साथ नजदीकी एसबीआई शाखा से संपर्क करना होगा। पोर्टल से मुद्रित पे–इन–स्लिप का उपयोग केवल आवंटित खाते में उचित रूप से शुल्क जमा करने के लिए किया जाना चाहिए। राशि प्राप्त होने पर, बैंक एक यूनिक जर्नल नंबर और राशि प्राप्त करने वाली बैंक शाखा का कोड जारी करेगा। ऑनलाइन पंजीकरण के दौरान अभ्यर्थी द्वारा यह जर्नल नंबर और शाखा कोड भरा जाना है। यदि कोई अभ्यर्थी गलत खाते में शुल्क जमा करता है, तो एनटीपीसी जिम्मेदार नहीं होगा।

**ऑनलाइन मोड में भुगतान:** अभ्यर्थियों के पास शुल्क का भुगतान ऑनलाइन (नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से) करने का विकल्प भी है। ऑनलाइन भुगतान का विकल्प वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। ऑनलाइन आवेदन के अग्रिम चरण से पहले अभ्यर्थी को भुगतान करना अपेक्षित है। भुगतान सफल होने पर, ऑनलाइन आवेदन में चालान संख्या, बैंक संदर्भ संख्या, भुगतान की तारीख भरना आवश्यक है।

एक बार भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थियों से पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने से पहले अपने पात्रता मानदंडों को सत्यापित कर लेने का अनुरोध किया जाता है। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद, अभ्यर्थी को सिस्टम जनित पंजीकरण पर्ची को विशिष्ट पंजीकरण संख्या के साथ डाउनलोड करना होगा। पंजीकरण पर्ची की प्रतिलिपि अभ्यर्थी द्वारा भविष्य के संदर्भ के लिए रखी जा सकती है। हमें कोई दस्तावेज डाक द्वारा भेजना आवश्यक नहीं है।

यह अनिवार्य है कि पात्र अभ्यर्थी विज्ञापन को ध्यान से पढ़ लें और पद के लिए आवेदन करते समय दी गई सभी शर्तों से सहमत हों।

| | |
|---|---|
| आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण की आरंभिक तिथि | 02.06.2020 |
| आवेदन के ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 22.06.2020 |

**एनटीपीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
**पंजीकृत कार्यालय:** एनटीपीसी भवन, कोर–7, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
सीआईएन - L40101DL1975GOI007966, वेबसाइट: **www.ntpc.co.in**

विज्ञापन सं.–01/20

**विद्युत क्षेत्र में अग्रणी**